दिन— मंगलवार दिनांक— 16 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 07.30 बजे से। अवधि— 15 मिनट

01. प्रदेश के सभी प्रखंडों में आज से तीन दिवसीय सहयोग—सह—जन कल्याण शिविर का आयोजन। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी कैमूर और सीवान के शिविरों में हुए शामिल।

02 केंद्र सरकार ने नीट—यूजी पुनर्परीक्षा से पहले बाईस जून तक सोशल मीडिया प्लेटफार्म— टेलीग्राम सेवा पर लगाया प्रतिबंध।

03. मद्य निषेध सिपाही भर्ती परीक्षा के लिए पूर्व मध्य रेलवे कर रहा है तीस परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का संचालन।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान भागलपुर, कटिहार, किशनगंज और पूर्णिया जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

**अब समाचार विस्तार से.........**

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के बारह वर्ष पूरे होने पर आज से प्रदेश के सभी पांच सौ चौंतीस प्रखंडों में तीन दिवसीय प्रखंड सहयोग—सह—जन कल्याण शिविर की शुरूआत हुयी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी कैमूर और सीवान जिले में आयोजित शिविर में शामिल हुए। कैमूर के भगवानपुर प्रखंड स्थित पहड़ियां पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार आम लोगों की समस्याओं के समयबद्ध समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते एक महीने में सहयोग शिविर के माध्यम से तीन लाख तीन हजार छह सौ अठहत्तर प्राप्त हुए आवेदनों में से दो लाख इकसठ हजार छह सौ अठारह आवेदन निष्पादित किये जा चुके हैं, जो कुल प्राप्त आवेदनों का नब्बे प्रतिशत है।

——साउंड बाइट——

उन्होंने कहा कि सहयोग शिविरों के माध्यम से लोगों की शिकायतों का त्वरित निपटारा सुनिश्चित किया जा रहा है और निर्धारित अवधि में कार्रवाई नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कदम उठाए जाएंगे।

——साउंड बाइट——

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपराधियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर वे बिहार में रहकर अपराध करते हैं, तो इसे चुनौती माना जाएगा और अड़तालीस घंटे के भीतर जवाब दिया जाएगा।

——साउंड बाइट——

इससे पहले उन्होंने मां मुंडेश्वरी मंदिर में पूजा–अर्चना कर राज्य की सुख–समृद्धि और विकास की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लगभग एक सौ छियानवे करोड़ रुपये की लागत से साठ विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि मां मुंडेश्वरी धाम में रोप–वे निर्माण की दिशा में जल्द पहल की जाएगी। साथ ही, मंदिर परिसर के विकास और वाराणसी–कोलकाता एक्सप्रेस–वे को मां मुंडेश्वरी धाम से जोड़ने के लिए भी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। दूसरी तरफ, मुख्यमंत्री आज सीवान के पचरूखी प्रखंड के पपौर पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में भी शामिल हुए। श्री चौधरी ने यहां एक सौ अस्सी करोड़ रुपये की लागत वाली अड़तीस विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

————————————————————————

प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी सहयोग शिविरों का आयोजन किया गया। यहां बड़ी संख्या में लोगों ने विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने के साथ ही योजनाओं के लिए आवदेन भी दिया। एक रिपोर्ट...

——रिपोर्ट——

पटना जिले के सभी तेईस प्रखंडों के विभिन्न पंचायतों में आज सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। इन शिविरों में पच्चीस विभागों के अलग–अलग काउंटर लगाए गये, जहां आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया गया। जहानाबाद में जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय ने मोदनगंज प्रखंड के जैयतीपुर कुरुआ सहित विभिन्न पंचायतों में आयोजित सहयोग शिविरों का निरीक्षण कर प्राप्त आवेदनों के निष्पादन और पोर्टल पर अपलोड की स्थिति की समीक्षा की और उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। इधर, सुपौल जिले के निर्मली प्रखंड स्थित बेला सिंगार मोती पंचायत में जिलाधिकारी सावन कुमार और पुलिस अधीक्षक शरथ आर.एस. ने सहयोग शिविर के दौरान पात्र लाभुकों के बीच मौके पर ही जॉब कार्ड का वितरण किया। वहीं, अरवल जिले के प्रभारी मंत्री दीपक प्रकाश ने सदर प्रखंड के सोनबरसा पंचायत में आयोजित शिविर के दौरान लोगों से संवाद किया और अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। शेखपुरा जिले के पंचायतों में आयोजित विभिन्न सहयोग शिविरों में प्रभारी मंत्री श्वेता गुप्ता, जिलाधिकारी शेखर आनंद तथा पुलिस अधीक्षक बलिराम कुमार चौधरी सहित बड़ी संख्या में अधिकारियों ने भाग लिया। दूसरी तरफ, सारण में जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव और वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों में आयोजित सहयोग शिविरों में लोगों की समस्याएं सुनीं तथा उनके त्वरित निष्पादन के निर्देश दिए। उधर, भागलपुर के अम्बा पंचायत सहयोग शिविर में जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी और वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने लोगों की शिकायतें सुनीं। शिविर में प्राप्त अधिकांश आवेदनों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। समाचार कक्ष से निधि श्री।

अठारह जून तक चलने वाले इन शिविरों में केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन, पंजीकरण, सत्यापन, ई–केवाईसी तथा लाभ वितरण की सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही है।

———————————————————————

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने बताया है कि आगामी नीट यूजी पुनर्परीक्षा के लिए पिछले चौबीस घंटों में दस लाख से अधिक उम्मीदवारों ने अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लिए हैं। पुर्नपरीक्षा इक्कीस जून को होगी। इस बीच, पारदर्शिता बढ़ाने और पेपर लीक की आशंकाओं को समाप्त करने के लिए केंद्र सरकार ने बाईस जून तक सोशल मीडिया प्लेटफार्म– टेलीग्राम एपलिकेशन पर ऑनलाइन संदेश भेजने पर रोक लगा दी है। एनटीए ने कहा कि यह प्रतिबंध नीट पुनर्परीक्षा के दिन और उसके तुरंत बाद तक लागू रहेगा। एजेंसी ने कहा कि टेलीग्राम पर तीस जून तक संदेशों को संपादित करने की सुविधा भी बंद रहेगी।

———————————————————————

केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने नीट यूजी पुनर्परीक्षा से पहले सुरक्षा और तैयारियों की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने विद्यार्थियों की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था और परीक्षा प्रक्रिया की निष्पक्षता पर विशेष ध्यान देते हुए इस पुनर्परीक्षा के लिए राज्य सरकारों की तैयारियों की समीक्षा की। गृह सचिव ने सभी राज्य सरकारों, केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्रीय एजेंसियों को सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने का निर्देश दिया।

———————————————————————

पूर्व मध्य रेल कल होने वाली मद्य निषेध सिपाही भर्ती परीक्षा को लेकर पाटलिपुत्र और पटना जंक्शन सहित विभिन्न स्टेशनों से तीस परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करेगा। एडीजी रेल डॉक्टर कमल किशोर सिंह ने बताया कि परीक्षा में लगभग साढ़े पांच लाख अभ्यर्थियों के शामिल होने की संभावना है। परीक्षार्थियों के आवागमन में सुविधा के लिए आज और कल विभिन्न रूटों पर विशेष ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा। आज पाटलिपुत्र और पटना से किशनगंज, नरकटियागंज, अररिया, नवगछिया तथा भभुआ के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेनें चलायी जा रही है। वहीं, कल भी पटना, गया, बक्सर, किऊल, राजगीर, बेतिया, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, सहरसा,

सुपौल, औरंगाबाद, हाजीपुर तथा नवगछिया सहित विभिन्न स्टेशनों के बीच छब्बीस परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा।

———————————————————————

केंद्र सरकार ने औषधि नियम, उन्नीस सौ पैंतालीस में संशोधन अधिसूचित किया है। इसमें गांवों में कफ सिरप की बिक्री पर दी गई छूट वापस ले ली गई है। अब गांवों में कफ सिरप की बिक्री और वितरण केवल विधिवत लाइसेंस प्राप्त फार्मेसियों के माध्यम से ही किया जाएगा। एक रिपोर्ट...

——रिपोर्ट——

"स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर कहा है कि औषधि नियमों के अनुसूची ज्ञ में दवाओं के वर्ग शीर्षक के अंतर्गत शामिल 'सिरप' शब्द को हटा दिया गया है। 'सिरप' शब्द हटाए जाने के बाद अब खांसी के सिरप को इस छूट का लाभ नहीं मिलेगा। इससे पहले, एक हज़ार से कम आबादी वाले ग्रामीण क्षेत्रों में खांसी के सिरप की बिक्री को लाइसेंस संबंधी प्रावधानों से छूट मिली हुई थी। यह संशोधन सिरप आधारित औषधियों पर नियमकीय निगरानी को और सुदृढ करने तथा छूट संबंधी व्यवस्था को वर्तमान जनस्वास्थ्य और सुरक्षा आवश्यकताओं के अनुरोध बनाने के उद्देश्य से किया गया है। आनंद कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।"

———————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने आज केंद्र और राज्यों से एक याचिका पर जवाब मांगा है। इसमें आरोप लगाया गया है कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा जारी आधार कार्ड का दुरुपयोग नागरिकता, निवास स्थान और आवासीय पते के प्रमाण के रूप में किया जा रहा है। याचिका में यह निर्देश देने की मांग की गई है कि इसका उपयोग केवल पहचान सत्यापन तक ही सीमित रखा जाए। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने केंद्र और सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी किया।

———————————————————————

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज देर शाम दो दिवसीय बिहार दौरे पर पटना पहुंचेंगे। श्री चौहान इस दौरान कृषि, किसान कल्याण और ग्रामीण विकास से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। वे कल  पटना के नौबतपुर में खेत बचाओ अभियान कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान वे किसानों से संवाद करेंगे तथा कृषि भूमि संरक्षण, टिकाऊ खेती और किसानों की आय बढ़ाने से जुड़े विषयों पर चर्चा करेंगे।

———————————————————————

भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष नितिन नवीन ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले बारह वर्ष में देश में तेज़ी से और समग्र विकास हुआ है जिससे कनेक्टिविटी बढ़ी है और विभिन्न क्षेत्रो में नए अवसर खुले हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क इक्यानवे हज़ार किलोमीटर से बढ़कर एक लाख छियालीस हज़ार किलोमीटर से अधिक हो गया है। वहीं, मेट्रो रेल का नेटवर्क लगभग दो सौ पचास किलोमीटर से बढ़कर लगभग एक हजार दो सौ किलोमीटर हो गया है। उन्होंने कहा कि इस दौरान देश में हवाई अड्डों की संख्या भी दोगुनी से अधिक हो गई है।

———————————————————

पश्चिम चम्पारण के बेतिया अंचल कार्यालय के आरटीपीएस काउंटर पर कार्यरत क्लर्क राज कुमार मिश्रा को निगरानी विभाग की टीम ने पंद्रह हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। निगरानी डीएसपी श्यामबाबू प्रसाद ने बताया कि गिरफ्तार क्लर्क ने शिकायतकर्ता से जमीन की जमाबंदी अनलॉक करने के बदले रिश्वत की मांग की थी, जिसके सत्यापन के बाद यह कार्रवाई की गई है।

———————————————————

राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मॉनसून की उत्तरी सीमा जमुई और मुजफ्फरपुर से होकर गुजर रही है। हालांकि मॉनसून की सक्रियता में कमी आने से तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान भागलपुर, कटिहार, किशनगंज और पूर्णिया जिले के एक–दो स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है।

——साउंड बाइट——

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान बयालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ कैमूर का भभुआ राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

———————————————————

अरवल जिले के मेहंदिया थाना क्षेत्र से पुलिस ने तीन सौ इकतीस लीटर शराब की एक बड़ी खेप के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————

लखीसराय जिले के हलसी प्रखंड के कैदी गांव में कृषि उद्यमी सेवा केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस केंद्र के माध्यम से किसानों को खाद–बीज, कृषि संसाधन और तकनीकी सलाह उपलब्ध कराई जाएगी।

———————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले में टीबी उन्मूलन अभियान को गति देने के लिए सभी कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसरों को 'कफ अगेंस्ट टीबी' ऐप के उपयोग का दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इस डिजिटल ऐप की मदद से ग्रामीण क्षेत्रों में संभावित टीबी मरीजों की शीघ्र पहचान और स्क्रीनिंग आसान होगी, जिससे समय पर उपचार सुनिश्चित किया जा सकेगा

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रदेश के सभी प्रखंडों में आज से तीन दिवसीय सहयोग–सह–जन कल्याण शिविर का आयोजन। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी कैमूर और सीवान के शिविरों में हुए शामिल।

02 केंद्र सरकार ने नीट–यूजी पुनर्परीक्षा से पहले बाईस जून तक सोशल मीडिया प्लेटफार्म– टेलीग्राम सेवा पर लगाया प्रतिबंध।

03. मद्य निषेध सिपाही भर्ती परीक्षा के लिए पूर्व मध्य रेलवे कर रहा है तीस परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का संचालन।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान भागलपुर, कटिहार, किशनगंज और पूर्णिया जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।